भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
20.12.2023 के
अतारांकित प्रश्न सं. 2783 का उत्तर

भंडारा रोड़ स्टेशन पर वंदे भारत ट्रेन का ठहराव

2783. श्री सुनील बाबूराव मेंढे:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार बिलासपुर से नागपुर तक चलने वाली वंदे भारत सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन (20825) का भंडारा रोड़ स्टेशन पर ठहराव प्रस्तावित कर रही है अथवा प्रस्तावित/प्रदान करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): इस समय 48 रेलगाड़ी सेवाओं का भण्डारा रोड पर समय-सारणीबद्ध ठहराव है। इसके अलावा, भारतीय रेल में वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ियों सहित रेलगाड़ी सेवाओं के ठहराव दिया जाना सतत और चलायमान प्रक्रिया है जो यातायात औचित्य, परिचालनिक व्यावहारिकता, संसाधनों की उपलब्धता, आदि के अध्यधीन है।

****

s.k